प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

दस वर्ष पुराने आधार कार्ड का अपडेट कराना जरूरी हो गया है। इसके तहत 14 दिसंबर तक ऑनलाइन निःशुल्क अपडेट कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसके पूर्व आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराने के लिए 14 जून 2023 की तारीख निर्धारित की गई थी, लेकिन इससे पहले ही तीन महीने के लिए 14 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया था। अब एक बार फिर से यूआईडीएआई ने इस सुविधा को 14 दिसंबर 2023 तक के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत बिगड़ने पर रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार रूपी सोरेन को सांस संबंधी समस्या होने के बाद कल देर रात अस्पताल में भर्ती किया गया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल सारठ प्रखंड के सिकटिया में मेगा लिप्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। 484 दशमलव 35 करोड़ रूप्ये निर्माण लागत की इस योजना की तैयारी कर ली गई है। इस योजना के माध्यम से देवघर और जामताड़ा जिले के सारठ, करो, विद्यासागर तथा जामताड़ा प्रखंड में अधिक उंचाई वाली भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे देवघर और जामताड़ा जिले के 27 पंचायतों के एक लाख किसानों को लाभ मिलेगा। इसके तहत तेरह हजार एक सौ चौसठ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने की योजना है।

****

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह दस अक्टूबर को चार साल से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने गृह सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव चार साल और इससे अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। मामलों के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर और उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है।

****

रांची जिले के आयुक्त राहुल सिन्हा ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बायोमीट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि जो शिक्षक ऐसा नहीं करते हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा कल समाहरणालय सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारियों के साथ ई– विद्यावाहिनी, पीएम पोषण –मध्याह्न योजना की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नियमित उपस्थिति नहीं बनाने पर शिक्षकों के संबंध में स्पष्टीकरण के संबंध भी जानकारी ली। आयुक्त ने ई विद्यावाहिनी योजना के तहत खलारी, लापुंग, नगड़ी, रांची सदर और ओरमांझी में औसत से कम आंकड़ा दर्ज होने पर नाराजगी भी जताई।

****

दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में काफी जोश देखा जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के बैनर के तले इस वर्ष डांडिया नाइट और जगराता दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय छात्र परिषद, हजारीबाग विभाग की ओर से दुर्गा पूजा के अष्टमी के दिन विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को बड़ा अखाड़ा मैदान में दुर्गा पूजा अष्टमी कालरात्रि के अवसर पर कन्या पूजा, शस्त्र पूजन और वितरण, डांडिया नाइट और रात्रि जगराता का आयोजन किया जा रहा है। जगरातरा समाप्त होने के बाद सुबह छह बजे से विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष और कार्यक्रम महामंत्री गौरव मदेशिया ने दिया दिया।

****

दुमका जिला प्रशासन ने जन समस्याओं के निदान के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल शुरू किया है।

****

चीन के हांगचोओ में आयोजित हुए एशियाई खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा है।

****